

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 49 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....



## विवाह योग्य कन्याओं हेतु षष्ठी पूजन कात्यायनी मंदिर बंडोल में आज

सिवनी यशोः- सिवनी जिला मु यालय से 16 किलोमीटर दूर ग्राम बंडोल में स्थित श्री मां योगमाया कात्यानी सिद्ध पीठ मंदिर है नवदुर्गा के छठवें स्वरूप में मां कात्यायनी देवी की पूजा की जाती है इस दिन विवाह बाधा निवारण एवं सुयोग्य वर प्राप्ति हेतु सबसे सरल एवं अचूक साधन प्रतिवर्ष हजारों विवाह योग्य कन्याएं करती है पूजन प्रति वर्षानुसार श्री मां योगमाया कात्यायनी मंदिर बंडोल में नवरात्र महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है

## बदल रहा मौसम एक दो दिन में होगा ठंडी का एहसास

सिवनी यशोः- प्रदेश में इन दिनों चार मौसम प्राणालियाँ सक्रिय है जिसके कारण वातावरण में नमी आ रही है प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश या बादल छाये हुये है । कई जिलों में तेज तो कई जिलों में हल्की बारिश हो रही है । सिवनी सहित मंडला सहित अन्य जिलों में बारिश हो रही है । मौसम में यह बदलाव पाकिस्तान में बने मौसम तंत्र पश्चिमी विक्षोभ ने मध्य प्रदेश के अनके जिलो का मौसम बदल दिया है ।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तरी पाकिस्तान के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। दक्षिण पश्चिमी राजस्थान में भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। महाराष्ट्र में भी एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। इस कारण प्रदेश के मौसम का रुख बदल रहा है।

मंगलवार को खंडवा में सर्वाधिक 25 मिली मीटर बारिश हो गई। शिवपुरी, रीवा, नर्मदापुरम, सतना, दमोह, ग्वालियर और दतिया में भी पानी गिरा। मंगलवार को नर्मदापुरम में 11 मिली मीटर बारिश हुई। नौगांव, मंडला, सिवनी सहित कई जिलों में बारिश हुई सिवनी में बुधवार एवं गुरूवार को भी बारिश हुई और सुबह के समय मौसम रहा परंतु दोपहर होते मौसम ने अपना रूख बदल लिया ।

बादल और बारिश की गतिविधियों के कारण प्रदेश के अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। मौसम में इस बादलव के कारण आगामी दिनों में ठंडक बढ़ सकती है ।




**गोपाल गंज हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया थाना डूंडा सिवनी का भ्रमण... प्रशासनिक कार्य प्रणाली को जानने के साथ साथ विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार जागरूकता व हेल्प लाइन नंबर की जानकारी दी गई। भविष्य में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को लेकर कैरियर गाइडेंस दिया गया व विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया।**

# जिले का एक उत्पाद बना सीताफल परंतु उत्पादक शोषण का शिकार

सिवनी यशोः-जिले का एक उत्पाद सीताफल घोषित किया गया है और इसका उत्पादन छपारा क्षेत्र में बड़ी मात्रा में होता है सीताफल के मूल उत्पादक आदिवासी वर्ग के लोग है । छपारा सीताफल देश के महानगरों में निर्यात किया जाता है और इसकी सबसे बेहतर क्वालिटी को निर्यात किया जाता है तथा सीताफल का बड़ा व्यापार और मुनाफा स्थानीय उत्पादको की अपेक्षा दलालों और व्यापारियों के हाथों में है । अच्छे मूल्य प्राप्त हो इसके लिये शासन ने व्यवस्थाएँ भी दी है परंतु सीताफल के मूल उत्पादको को कोई विशेष लाभ नहीं हो रहा है वे शोषण का शिकार होते है । वही इस फसल को कड़ी मेहनत से पेड़ों से तोड़कर लाने वाले मजदूर और नि न वर्ग के परिवारों से मंडी में टै स के नाम पर 5 -10 रूपये प्रति टोकरी के हिसाब से टै स लिया जा रहा है जो सरासर गलत है जबकि बाजार ठेकेदार को वसूली का ठेका सोमवार और बुधवार को पंचायत क्षेत्र में लगने वाली दुकानों से लिए जाने का प्रावधान है। इस साल सीताफल की मंडी एरिकेशन कॉलोनी में लगाई गई है।



जहां पंचायत के नाम पर कुछ लोग गरीब और नि न वर्ग के लोगों से रोजाना पांच और दस टोकनी के हिसाब से अवैध वसूली कर रहे हैं । अवैध टै स वसूल करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कोई सामने नहीं आ रहा है । अवैध टै स वसूलने वाले लोग दबंगता से गरीबों से टै स वसूल कर हजारों रुपए अपनी जेब में डाल रहे हैं, जहां ना तो प्रशासन की नजर जा रही है, ना यहां के दोगले नेताओं के इस पर नजर पड़ रही है जो हमेशा गरीबों का हितैषी बताते हैं यदि सही में यहां के नेता और प्रशासन गरीबों की हित की बात करते हैं तो तत्काल सामने आकर इस टै स पर रोक लग सकती है ।

वन परीक्षेत्र छपारा की दविश सीताफल मंडी में मंडी संचालक और ग्रामीणों को वन परीक्षेत्र अधिकारी के द्वारा लगातार समझाईश जा रही है कि कच्चे फल ना खरीदे न तोड़े परंतु लोभी व्यापारी इन्हे कच्चे फल तोड़ने के लिये उकसाया जाता है जबकि विभाग का कहना यह दण्डनीय अपराध है परंतु कच्चा सीताफल मंडी में लाने की अपेक्षा उसे चोरी छिपे बाहर भेज दिया जाता है । ग्राम खरमटाकोल में प्राकृतिक रूप से उपजे सीताफलों को चिन्हित किया जा रहा है । छपारा क्षेत्र की पहचान सीताफल है जो लोगों के लिए कुछ महीने के लिए रोजगार के अवसर लाता है परंतु चालाक व्यापारियों ने सीताफल के व्यापार पर भी अपना कब्जा जमा लिया है ।

सीताफ़ल एक बोहोत ही लाजवाब, स्वादिष्ट और मीठा फल होता है। जो पूरे शरीर को स्वस्थ और बीमारियों से दूर रखने मे सहायक होता है। सीताफ़ल के सेवन से थकावट और मांस पेशियों की कमज़ोरी दूर होती है।

सीताफ़ल मे पोटेशियम मैग्नीशियम कैल्शियम तांबा फ़ाइबर फ़ास्फ़ोरस जैसे खनिज और विटामिन ए विटामिन बी विटामिन सी भरपूर मात्रा मे पाए जाते है । इसके अतिरिक्त इसमे राइबो लेविन होता है जो विभिन्न दृष्टि समस्याओं से आंखों की सुरक्षा करता है।

सीताफ़ल, विटामिन बी कॉ प्ले स का एक अच्छा स्रोत है, जो तनाव, चिड़चिड़ापन, और अवसाद को शांत करने में मदद करता है। सीताफ़ल रूण के मस्तिष्क के विकास में भी मदद करता है।

सीताफ़ल मे मैग्नीशियम भरपूर मात्रा मे पाया जाता है, जो शरीर में पानी को संतुलित करके जोएन्ट से एसिड को हटाता है। यह गठिया, और मांस पेशियों में कमज़ोरी के लक्षण को कम करने में मदद करता है। सीताफ़ल मे कैल्शियम भी होता है, जो हड्डी के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है।

सीताफ़ल में मौजूद, डाइटरी फ़ाइबर और कॉपर हाज़मे को दुरुस्त करता है, और कब्ज़ की समस्या से मुक्ति दिलाता है। सीताफ़ल में मौजूद, नियासिन और डाइटरी फ़ाइबर, कोलेस्ट्रोल के स्तर को, कम करने में सहायक होता है।

## स्वीप गतिविधियों की सीईओ जिला पंचायत ने की समीक्षा

सिवनी यशोः- मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी नवजीवन विजय ने गुरूवार 19 अे टूबर को परियोजना कार्यालय सभाकक्ष लखनादौन में विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वीप गतिविधियों के आयोजन को लेकर पंचायत विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सचिव, स्कूल प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर 15 नव बर तक जिले में मतदान जागरूकता अभियान अंतर्गत प्रतिदिन आयोजित होने वली गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा मतदाताओं को आगामी 17 नव बर को अपने क्षेत्र के शतप्रतिशत मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिये। बैठक के अंत में सीईओ श्री विजय द्वारा उपस्थित अधिकारी- कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

## 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया भारतीय किसान संघ ने

सिवनी यशोः- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिवनी के कार्यालय में गत बुधवार को 1 बजे से भारतीय किसान संघ ने तीन जिलों के अध्यक्ष महामंत्री एवं तहसील अध्यक्ष महामंत्रियों की बैठक का आयोजन किया था ।जिसमे सिवनी जिला कार्यकारिणी सहित बालाघाट सिवनी एवं छिंदवाड़ा जिले से लगभग एक सैकड़ा भारतीय किसान संघ पदाधिकारीयो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।सभी महाकोशल प्रांत ,जिला, तहसील कार्यकारणी ने एक सुर में 50,000 (पचास हजार ) किसान सदस्यों को सदस्यता अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया है । आयोजित बैठक में महाकौशल प्रांत संगठन महामंत्री श्री भरत पटेल जबलपुर अजय शु ला करणीय कार्यकारणी महाकौशल प्रांत एवं बालाघाट अध्यक्ष चावले जी सिवनी अध्यक्ष रणजीत सिंह बघेल व छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष मेर सिंह चौधरी के अलावा तीनों जिलों के महामंत्री उपस्थित हुए इनके अलावा जिले की तहसीलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्यों ने बैठक में उपस्थिति दर्ज कराई ।आयोजित बैठक में तीनों जिलों की कृषि संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें बालाघाट जिले से सिंचित भूमि को अशिंचित एवम आसिंचित भूमि को सिंचित भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज होना



बड़ी त्रुटि के रूप में देखी जा रही है। जिले में पदासीन अधिकारी किसानों की समस्याओं ,ज्ञापनों पर अभद्र व्यवहार व भाषाओं का प्रयोग करने का मामला गरमाया ।कुछ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा देश के पालन हार किसानो को गुंडा करार देना किसान हित में न होना बताया गया। जो भारतीय किसान संघ को नामंजूर है ।वही सिवनी जिले में नहर सुधार पर्याप्त कृषि बिजली न मिलना ,बीमा राशि , धान तुलाई में भ्रष्टाचार सहित समय पर बिजली,पानी,खाद की व्यवस्था प्रशासन को करनी चाहिए ।जबकि छिंदवाड़ा जिला ने बताया कि सरकार द्वारा मक्का खरीदा जाना किसान हित में है । कुल मिलाकर तीनो जिलों की मु य समस्याओं में पर्याप्त 16 घंटे अनकट कृषि बिजली, समय पर पर्याप्त नहर का पानी ,खाद, बीज की उपलब्धता होनी चाहिए ताकि किसान उन्नति की राह पकड़ सके ।

वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए बताया की भारतीय किसान संघ मात्र शक्ति को अधिक से अधिक जोड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करेगा ।जिसमे बालाघाट जिले की खेलन सहारे ने महिलाओं को अधिक कैसे जोड़े पर अपने विचार प्रगट किए ।वही छिंदवाड़ा जिले के मेरे सिंह चौधरी ने किसान संघ की उपलब्धियों को किसानों तक पहुंचाते हुए सदस्यता अभियान को सफल बनाने का मंत्र दिया ।तो भरत पटेल जबलपुर द्वारा सदस्यता अभियान को सक्रियता,यशस्वी, और प्रभावी रूप से करने सहित निर्धारित लक्ष को समूल पूर्ण करने की आशा प्रगट की गई है ।

अंत में सिवनी जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह बघेल ने सभी का आभार प्रगट करते हुए निर्धारित लक्ष को समय पर पूर्ण करने का संकल्प के साथ ही कार्यक्रम के समापन की घोषणा की ।

## राजा बघेल प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री नियुक्त



सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ द्वारा राजा बघेल को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी का महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है, कमलनाथ जी ने आशा व्यक्त की है कि आप श्रीमति सोनिया गांधी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की भावनानुसार कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नियुक्त किये जाने पर राजा बघेल को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना सहित समस्त कांग्रेस जनों ने बधाई प्रेषित की है।

## डी बी नायर सेवा निवृत कांग्रेस कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री नियुक्त

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ जी के निर्देशानुसार जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी डी बी नायर को मध्यप्रदेश कांग्रेस पूर्व अधिकारी/ कर्मचारी प्रकोष्ठ में महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है, कमलनाथ जी ने आशा व्यक्त की है कि आप श्रीमति सोनिया गांधी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी की भावनानुसार प्रदेश के पूर्व अधिकारी एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा करते हुये पूर्व अधिकारी एवं कर्मचारियों को एक जुटकर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का कार्य करेंगे। डी बी नायर जी को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किये जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना सहित समस्त कांग्रेस जनों ने बधाई प्रेषित की है।

## 22 को कमलनाथ का आगमन होगा



सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ जी का ग्राम गोपालगंज आगमन होने जा रहा है जहॉ वे कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी आनंद पंजवानी के समर्थन में विशाल जनसभा को दिनांक 22/10/2023 दिन रविवार को प्रातः 10.30 बजे स बोधित करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने समस्त ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, विभाग, मोर्चा, प्रकोष्ठ संगठन, मंडलम, से टर, बूथ बीएलए एवं समस्त कांग्रेस जन एवं आम जनों से कमलनाथ जी की सभा को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक सं या में उपस्थिति की अपील की है।

# आम जनता का विश्वास भाजपा के साथ - अनिल




## युवा मोर्चा का नवमतदाता स मेलन संपन्न

सिवनी यशोः-भारत विश्व का सबसे युवा देश है और युवाओं के हाथ मे ही देश का भविष्य है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता, सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लेकर के जनमानस के बीच पहुंचें और अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। ताकि आगामी समय में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बन सके। केंद्र और प्रदेश की जनकल्याणकारी अनेकों योजनाओं लाभ लोगों तक पहुंचा है। आज लोगों का विश्वास बीजेपी के साथ है! इस आशय की बात उत्तर प्रदेश के श्रम मंत्री एवं सिवनी जिले के चुनाव प्रभारी अनिल राजभर द्वारा युवा मोर्चे के नव मतदाता स मेलन को संबोधित करते हुए कही गई।

उल्लेखनीय है कि, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के निर्देशानुसार भाजयुमो जिलाध्यक्ष युवराज राहंगडाले के नेतृत्व में सिवनी नगर के उत्तर मण्डल और दक्षिण मण्डल के तत्वाधान में नवमतदाता युवा स मेलन बाहुबली लॉन में आयोजित किया गया जिसका प्रमुख उद्देश्य पहली बार मतदान करने वाले युवाओ को भाजपा की विकासनीति पर संवाद करना है।

### भाजपा ने विकास के नये आयाम गढ़े है – आलोक

इस स मेलन में अपनी बात रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार ने गरीबों की जिंदगी बदलने का कार्य किया है। विकास और जनकल्याणकारी कार्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती। मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार ने विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। भाजपा सरकार ने युवाओ के हित के लिए अनेकों योजनाए बनाई हैं।

### क्षेत्र की जनता केवल मतदाता नही, मेरा परिवार है – मुनमुन

स मेलन में सिवनी विधायक और भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि मुझ पर पार्टी ने पुनः एक बार विश्वास जताया है मेरी जि मेदारी है कि मैं संगठन और अपने साथी कार्यकर्ताओं के विश्वास पर खरा उतरूं जिले में पेंच नहर हो या मेडिकल कॉलेज की सौगात हों ऐसे अनेकों कार्य हुए हैं जिससे लोगों का विश्वास बीजेपी के प्रति बढा है। मैंने सिवनी को विधानसभा क्षेत्र की तरह नहीं एक परिवार की तरह माना और कार्य किया है भाजपा ने मध्य प्रदेश में विगत 18 सालों में लगातार सेवा की है। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस मध्य प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया है।

### भाजपा की प्रचंड जीत हमारा लक्ष्य – युवराज

इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष युवराज राहंगडाले ने कहा यह हमारे लिए परिश्रम और परीक्षा का समय है। हमें जो जि मेदारी सौंप गई है उसे पर खरे उतरना है । प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत का जीत में हमें अपना सर्वस्व समर्पण भाव से सहयोग करना है। युवा मोर्चा ने पूरे जिले में युवा मोर्चा नवमतदाता स मेलन के माध्यम से युवाओ को भाजपा की सरकार की उपलब्धियां बताने का काम कर रहा है और वहीं 2003 के पहले का मध्यप्रदेश जो बीमारू राज्य था न सड़क थी न बिजली। आज के युवा ने 18 साल के भाजपा शासन देखा है जिसमे हमें इन सब मूलभूत आवश्यकताओं के लिए परेशान नही होना पड़ा।



भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि , इस स मेलन में भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष द्वय अभिषेक दुबे एवं संजय सोनी, जिला मंत्री पीयूष दुबे,शुभम सिंह,राहुल पांडेय आदि युवाओ ने भी अपने वक्तव्य रखे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अंकित ठाकुर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल,विधानसभा विस्तारक दीपक,वरिष्ठ नेता ओम दुबे,जिला मंत्री सुश्री रानी बघेल प्रह्लाद पटेल,नरेन्द्र ठाकुर,गोपाल पवमे,आशीष सोनी, निरंजन मिश्रा,भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मयूर दुबे, जिला महामंत्री तुलेश डहरवाल,जिला उपाध्यक्षगणश्री शुभम राजपूत, राजा बघेल,चक्रेश ठाकुर,भाजयुमो सोशल मीडिया प्रभारी खुशेन्द्र पवार,अमित पाण्डेय,मण्डल अध्यक्ष द्वय ऋषभ चौरसिया,भुनेश कुल्हाडेअखिलेश पांडेय,रितिक तिवारी,अंकित दुबे आदि उपस्थित रहे।

# सी-विजिल एप से हो रहा शिकायतों का त्वरित निवारण

**प्रदेश में 9 अ टूबर से लागू हुई आचार संहिता के बाद सक्रिय हुआ एप, 18 अ टूबर तक मिली 1621 शिकायतें**

भोपाल। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचरण संहिता संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी- विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के जरिए कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं का स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायत कर सकता है।

इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियों सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी।

श्री राजन ने बताया कि आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी - विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी है। अब तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के माध्यम से कुल 1621 शिकायतें प्राप्त हो चुकीं हैं। इन सभी शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है।

श्री राजन ने प्रदेश के नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे निर्वाचन में आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इस एप के जरिए 100 मिनट में शिकायत का निवारण कर दिया जायेगा। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप को डाउनलोड करना होगा।

# नवरात्रि का आज छठवां दिन, ऐसे करें मां कात्यायनी की पूजा

शारदीय नवरात्रि का आज छठवां दिन और इस दिन माता कात्यायनी की पूजा-अर्चना की जाएगी। माता कात्यानी की पूजा-अर्चना करने से विवाह संबंधित सभी समस्याएं दूर होती है और उनकी कृपा से जीवन में सुख-शांति आती है। माता के इसी स्वरूप में असुर महिषासुर का वध किया था।

**माता कात्यायनी की पूजा...**

शारदीय नवरात्रि का आज छठवां दिन है, इस दिन मां दुर्गा के छठवें स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की जाएगी। माता के इसी स्वरूप में महिषासुर दानव का वध किया था, इसलिए मां कात्यायनी को महिषासुरमर्दिनी के नाम से भी जाना जाता है। सच्चे मन से माता की पूजा-अर्चना करने से जीवन में आने वाली सभी बाधाएं दूर होती हैं। यह दिन खास तौर पर विवाह योग्य कन्याओं के लिए बेहद शुभ माना जाता है, माता की पूजा-अर्चना करने से मनोकामना की पूर्ति होती है।




**आंतरिक शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं माता कात्यायनी**

माता कात्यायनी का स्वरूप का ध्यान कर लेने से भर से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। मां कात्यायनी अपार आंतरिक शक्ति का प्रतिनिधित्व करने वाली मां हैं। देवी का यह छठा स्वरूप अदभुत तरंगों से सराबोर आज्ञा चक्र की ऊर्जा है। भारतीय दर्शन के अनुसार, आज्ञा चक्र शरीर में शक्ति केंद्र का छठवां मूल चक्र होता है। नवग्रहों में माता कात्यायनी शुक्र ग्रह को नियंत्रित करती हैं, जिससे वह विवाह संबंधित सभी समस्याओं और अड़चनों को दूर करती हैं।

**ऐसा है माता का स्वरूप**

मां दुर्गा का यह स्वरूप अत्यंत भव्य और दिव्य है, ये माता स्वर्ण के समान चमकीली हैं और भास्वर हैं। माता की चार भुजाएं हैं। दाएं ओर की ऊपर वाली भुजा अभय मुद्रा में है औप नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में है। बाई ओर का उपर वाला हाथ तलवार लिए है और नीचे वाला हाथ कमल के फूल है। माता बाघ पर सवारी करती हैं और इनको ही ईश्वरी, गौरी, उमा, काली, रमा, हेमावती, कल्याणी आदि नामों से जाना जाता है। माता भगवती का यह स्वरूप स्नेह और शक्ति का स मिलित रूप है।

**महर्षि कात्यायन की पुत्री हैं माता कात्यायनी**

मां दुर्गा के छठे स्वरूप को कात्यायनी कहते हैं। कात्यायनी महर्षि कात्यायन की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर उनकी इच्छानुसार उनके यहां पुत्री के रूप में पैदा हुई थीं। महर्षि कात्यायन से सर्वप्रथम इनकी पूजा की थी, इसलिए ये कात्यायनी के नाम से प्रसिद्ध हुई। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी है। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यो को सिद्ध करने के लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई थीं। अपने सांसरिक स्वरूप में यह शेर यानी सिंह पर सवार चार भुजाओं वाली सुसज्जित आभा मंडल युक्त देवी कहलाती हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार दाहिने हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद मुद्रा अंकित है।

**ब्रज की अधिष्ठात्री देवी हैं कात्यायनी**

माता कात्यायनी को ब्रज की अधिष्ठात्री देवी भी कहा जाता है। भगवान कृष्ण जैसा पति प्राप्त करने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा-अर्चना की थी। गोपियों द्वारा माता की पूजा कालिंदी यमुना तट पर की गई थी इसलिए मां ब्रज की अधिष्ठात्री के रूप में प्रतिष्ठित हुई। माता कात्यायनी देवी मनचाहे वर का आशीष देने वाली हैं इसलिए गोपियों ने भी भगवान कृष्ण जैसा वर पाने के लिए माता की उपासना की थी।

**माता कात्यायनी पूजा विधि**

शारदीय नवरात्रि के छठवें दिन ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नानादि से निवृत होकर स्वच्छ वस्त्र पहनें और माता का ध्यान करें। इसके बाद पूजा स्थल पर गंगाजल से छिड़काव करें और पांच देसी घी के दीपक जलाएं। माता कात्यायनी की पूजा में गंगाजल, कलावा, नारियल, धूप, दीप, फूल, फल रोली, चावल, चुन्नी, शहद, अगरबत्ती, और घी आदि का प्रयोग किया जाता है। इसके बाद माता की आरती उतारें और फिर पूरे परिवार के साथ माता के जयकारे लगाएं। माता कात्यायनी को शहर का भोग लगाएं। माता की पूजा लाल रंग के वस्त्रों से करें योंकि यह रंग ना केवल शक्ति का प्रतीक है बल्कि माता को भी प्रिय है।

# आखिर नवरात्रि में यों खेलते हैं गरबा, जानिए इसके पीछे की कहानी और महत्व

भोपार्ल। इस बार देवी मां का त्यौहार यानि शारदीय नवरात्रि 15 अे टूबर से शुरू हो चुकी है। जिसकी तैयारियां हर जगह देखने को मिल रही है। नवरात्रि के आते ही लोगों में ÷गरबा और डांडिया के लिए भी खूब उत्साह देखा जाता है। कई जगह तो महीनों पहले से इसकी तैयारियां शुरू हो जाती हैं। लेकिन` या आप जानते है कि नवरात्रि में ही आखिर गरबा ` यों खेला जाता है और नवरात्र और गरबे में` या संबंध है? अगर नहीं तो चलिए हम आपको बताते हैं कि देवी मां के इस पावन पर्व पर गरबा` यों होता है।



**इस वजह से नवरात्रि पर खेला जाता है गरबा**

आज के दौर में भले ही गरबा और डांडिया खेलना एक फैशन ट्रेंड के रूप में हो गया है लेकिन देवी मां के दरबार में गरबा और डांडिया खेलने का एक अलग महत्व है। ऐसी मान्यता है कि जब मां दुर्गा ने महिषासुर पर आक्रमण किया था तो उनका 9 दिन तक युद्ध चला था और दसवे दिन उन्होंने महिषासुर का वध कर दिया था और इसी खुशी में हिंदुओं द्वारा 10 दिनों का माता रानी का त्यौहार मनाया जाता है जिसमें दसवे दिन विजयादशमी होती है।

जब लोगों को महिषासुर के अत्याचारों से मुक्ति मिल गई तो लोगों ने इस बात की खुशी नृत्य करके मनाई और इसी नृत्य को ही ÷गरबा÷ के नाम से जाना जाता है। कहते हैं ऐसी मान्यता है कि मां अंबे को यह नृत्य बहुत पसंद है और इसी वजह से देवी मां की स्थापना कर श्रद्धालु उनके सामने गरबा करते हैं जिससे मां प्रसन्न होती है।

**गरबे और डांडिया में फर्क**

अब आप सोच रहे होंगे कि हमने आपको सिर्फ गरबे का महत्व बताया डांडिये का नहीं। बहुत से लोगों को गरबे और डांडिया में फर्क शायद ही पता हो। तो चलिए आज वो भी हम आपको बताते है। यूं तो दोनों ही देवी मां की आराधना और उन्हें प्रसन्न करने के लिए किया जाता है लेकिन गरबे की शुरुआत जहां गुजरात से हुई तो वही डांडिया की वृंदावन से। गरबा हाथ से खेला जाता है और डांडिया रंगीन छड़ियों से। जहां गरबा मां दुर्गा की पूजा से पहले किया जाता है तो वही डांडिया पूजन के बाद। कहते हैं कि डांडिया की रंगीन छड़ी मां दुर्गा की तलवार है जिससे उन्होंने महिषासुर का वध किया था। डांडिया तलवार नृत्य और डांस ऑफ सवार्ड भी कहा जाता है।

**गरबा में तीन ताली का महत्व**

यह तो हो गई गरबे और डांडिये के इतिहास की बात। लेकिन अगर आप गरबा खेलना पसंद करते हैं और खेल चुके हैं तो आपने उसमें किए जाने वाले कुछ स्टेप्स पर ध्यान तो दिया ही होगा जिसमें से एक होती है ÷तीन ताली÷ज जी हां मां को प्रसन्न करने और गरबे में तीन ताली का अपना एक अलग महत्व है। दरअसल, महिलाएं गरबा खेलते समय तीन तालियों का प्रयोग करती हैं इसके पीछे की बड़ी वजह है ब्रह्मांड! जो ब्रह्मा, विष्णु और महेश के आसपास ही घूमता है और इन्हीं देवताओं से जुड़ा हुआ है तीन तालियों का महत्व।

**पहली ताली-** ऐसी मान्यता है कि गरबे में पहली ताली ब्रह्मा यानी इच्छा से संबंधित है। ब्रह्मा के अंगों को ब्रह्मांड के अंदर जागृत किया जाता है जो मनुष्य की इच्छा और भावनाओं को समर्थन देती है।

**दूसरी ताली-** दूसरी ताली का संबंध भगवान विष्णु से होता है जो मनुष्य के भीतर विष्णु रूपी तरंगे प्रदान करती हैं।

**तीसरी ताली-** तीसरी और आखरी तालिका संबंध देवों के देव महादेव से है। मान्यता है कि शिव के रूप में तरंगे मनुष्य की इच्छा पूर्ति के लिए उसे फल प्रदान करती हैं ताली की आवाज से जो तेज निर्मित होता है उससे मां अंबे शक्ति स्वरूप जागृत होती है और यही वजह है कि ताली बजा कर मां अंबे की आराधना की जाती है।

# बिहार के रास्ते नेपाल से भोपाल पहुंची 1.85 करोड़ की चरस, तीन तस्कर गिर तार

भोपाल। क्राइम ब्रांच पुलिस टीम ने बिहार के रास्ते नेपाल से भोपाल लाई गई एक करोड़ 85 लाख रुपये कीमत की 10 किलो 10 ग्राम चरस बरामद की है। इस मामले में भोपाल और बिहार के तीन तस्करों को गिर तार किया गया है। उनके पास से तीन मोबाइल फोन, नकद रुपये और वारदात में उपयोग की गई एक स्कूटर जब्त की गई है। आरोपी पहले भी नेपाल से चरस लाकर भोपाल में सप्लाई कर चुके थे।

डीसीपी क्राइम ब्रांच श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति कोच फै ट्री के पीछे भानपुर जाने वाले कच्चे रास्ते पर खड़े होकर किसी का इंतजार कर रहे हैं। जिनके बाद बड़ी मात्रा में चरस हो सकती है। इस सूचना के बाद पुलिस की एक विशेष टीम मौके पर भेजी गई। टीम जब बताए गए पते पर पहुंची तो वहां एक स्कूटर के साथ तीन युवक दिखाई दिए, जो पुलिस को देखकर स्कूटर पर बैठकर भागने लगे। टीम ने घेराबंदी कर तीनों को हिरासत में लिया। पूछताछ पर स्कूटर चालक ने अपना नाम सलमान खान (30) निवासी पठारवाली गली, जीपीओ के पीछे शाहजहांनाबाद जबकि पीछे बैठने वालों ने अपने नाम सोनू कुमार (19) और बीरकिशोर साहनी उर्फ अंजनी (36) दोनों निवासी जगदीशपुर, खलावा टोला, पश्चिम चंपारण बिहार बताया। तलाशी लेने पर तीनों के पास मोबाइल फोन 5150 रुपए नकद और धारा 500 एनडीपीएस का नोटिस मिला। स्कूटर की डिग्गी खोलकर चैक करने पर उसके अंदर बीस पैकेट रखे मिले, जिनमें मादक पदार्थ चरस निकली, जिसे जब्त किया गया। वजन करने पर चरस 10.10 किलोग्राम निकली, जिसकी कीमत 1 करोड़ 85 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिर तार कर मादक पदार्थ और स्कूटर समेत अन्य सामान जब्त कर लिया।

# सुविधा एप से उ मीदवार भर सकेंगे ऑनलाइन नामांकन

## मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों के साथ वीसी के जरिए बैठक की

**21 अ टूबर से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया**

**नामांकन प्रक्रिया के बारे में दिए निर्देश**

भोपाल । मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और 230 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। श्री राजन ने जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को 21 अे टूबर से प्रारंभ होने वाली नामांकन प्रक्रिया के बारे विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।





श्री राजन ने कहा कि कोई भी अ यर्थी ऑफलाइन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर या सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन भी दाखिल कर सकता है। निक्षेप (जमानत) राशि का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकता है। श्री राजन ने बताया कि नामांकन फॉर्म के साथ अ यर्थी को फॉर्म 2 बी नामांकन फार्म, फॉर्म 26, शपथ पत्र व बैंक खाते की जानकारी सहित अन्य सभी जरूरी दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे। नामांकन भरने की अंतिम तिथि आगामी 30 अे टूबर है। श्री राजन ने बताया की किसी भी अ यर्थी को उसके आपराधिक रिकॉर्ड के प्रकाशन के लिये प्रारूप सी 1 एवं सी 4 देना होगा।

श्री राजन ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि उनके जिले के किसी भी विधानसभा क्षेत्र के किसी भी मतदान केंद्र में 1 हजार 550 से अधिक मतदाता दर्ज है तो वहाँ उसी परिसर में या उसके समीप ही सहायक मतदान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराएं। साथ ही मतगणना केंद्र के प्रस्ताव भी शीघ्रता से दे। अभियान चलाकर शस्त्र जमा कराए। आदर्श चुनाव आचरण संहिता का स ती से पालन कराए। अवैध धन, जेवरात, अवैध शराब का परिवहन, आपराधिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें।

श्री राजन ने कहा कि सीमावर्ती जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी विशेष ध्यान दे और अवैध धन स पत्ति, जेवरात, मादक पदार्थ की जब्ती की कार्रवाई करें। इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी कराए। श्री राजन ने कहा की सभी जिला निर्वाचन अधिकारी उनके जिले में चिन्हित नाकों और चौकियों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाकर निगरानी रखें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने जागरूकता कार्यक्रमों में गति लाएं। आगामी 21 अे टूबर से प्रेक्षक जिलों में पहुंचेंगे।

बैठक में राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर डॉ टर राजेश पाटीदार और डॉ टर वाईपी सिंह ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को नामांकन पत्र दाखिल करने की संपूर्ण प्रक्रिया और इस संबंध में रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं सहित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए समस्त दिशा निर्देशों एवं विशेष प्रावधानों के बारे में पीपीटी के जरिए विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में अतिरिक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कोल, संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राकेश सिंह, श्रीमती रुचिका चौहान, श्री बसंत कुर्रे, उप मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद शु ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नई रणनीति

मध्य प्रदेश में अब तक विधानसभा चुनाव मध्यप्रदेश सरकार और कांग्रेस के बीच चल रहा था। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने पूरा कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस बार निष्क्रिय था, लेकिन विजयदशमी के बाद हालात बदलने वाले हैं,` योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी रणनीति बदल दी है।



**कुनबे में कलह लक्ष्य के लिए हानिकारक**

मध्य प्रदेश में 6 महीने पहले तक शिवराज सिंह चौहान सरकार और कांग्रेस पार्टी के बीच मुकाबला चल रहा था। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से ना तो भाजपा ने मदद मांगी थी और ना ही संघ सक्रिय हुआ था। प्रत्याशी चयन के महत्वपूर्ण मामले में भी इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जिक्र ना के बराबर रहा। इधर भारतीय जनता पार्टी में मु यमंत्री पद के दावेदारों की सं या बढ़ गई, जबकि भाजपा का जमीन कार्यकर्ता निष्क्रिय हो गया। सबके पास अपने-अपने कारण है और सभी कारण उचित भी है। इसके चलते स्थिति तनाव पूर्ण हो गई।

अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को एहसास हुआ है कि मध्य प्रदेश के कुनबे में कलह, संघ के राष्ट्रीय लक्ष्य के लिए हानिकारक है। इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सक्रिय हो जाने का फैसला लिया है। इस मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेताओं की दो बार बैठक हो चुकी है। फैसला हो गया है और कार्यक्रम भी बना लिया गया है। मध्य प्रदेश में विजयदशमी से माहौल बदला हुआ दिखाई देगा।

**चुनाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ या करेगा**

बागी उ मीदवारों को असफल करेंगे।

विद्यार्थी वर्ग की 90त्न वोटिंग सुनिश्चित करेंगे।

मध्य प्रदेश की जनता का ध्यान राष्ट्रीय चुनौतियों की तरफ खींचेंगे।

विचारधारा को स्थापित बनाए रखेंगे।

विजयदशमी के अवसर पर पूरे मध्य प्रदेश में गांव-गांव में भव्य पथ संचलन निकाला जाएगा।

इस बार बाल स्वयंसेवकों का पथ संचलन भी होगा।

# डॉग ट्रेनिंग सेंटर के संचालक और कर्मचारियों ने कुत्ते को फांसी लगा दी, तीन पर एफआईआर

भोपाल। मध्यप्रदेश के भोपाल से जानवरों के साथ क्रूरता का एक मामला सामने आया है। एक डॉगी को फांसी लगाकर मार डालने का आरोप है। पुलिस ने डीवीआर का डाटा रिकवर कर मामले का खुलासा किया। डॉग ट्रेनिंग सेंटर के संचालक और कर्मचारियों सहित तीन पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार मामला राजधानी के मिसरोद थाना क्षेत्र का है। डॉग के मालिक और शराब कारोबारी ने इस मामले की शिकायत मिसरोद पुलिस से की थी। इसमें बताया है कि सहारा स्टेट स्थित डॉग ट्रेनिंग सेंटर के संचालक और कर्मचारियों ने कुत्ते को फांसी लगाकर मार डाला। उसे चार महीने के लिए ट्रेनिंग पर लाया गया था। ये भी आरोप है कि साक्ष्य छिपाने के लिए सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी गई। पुलिस ने डीवीआर जब्त कर सायबर सेल की मदद से डाटा रिकवर कराया तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद ट्रेनिंग सेंटर के संचालक और कर्मचारी समेत तीन लोगों के खिलाफ पशु रूरता समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों में एक युवती भी शामिल है।




बता दें कि निखिल जायसवाल (22) मूलतः वेयर हाउस रोड, काला पीपल मंडी, शाजापुर के रहने वाले हैं और शराब कारोबारी हैं। उन्होंने एक पाकिस्तानी बुली (आलसेशियन डॉग) नस्ल का एक डॉग खरीदा था। वह अपने डॉग को ट्रेंड कराना चाहते थे, इसलिए 1 मई 2023 को सहारा स्टेट स्थित डॉग ट्रेनिंग एंड बोर्डिंग सेंटर में डाला था। इस सेंटर का संचालक रवि कुशवाह है। ट्रेनिंग देने के लिए रवि ने उन्हें 13 हजार रुपये प्रतिमाह का खर्चा बताया था। डॉग की ट्रेनिंग सितंबर महीने में पूरी होनी थी। 14 सितंबर को निखिल ने सेंटर पर फोन लगाकर बोला कि वह अपना डॉग लेने आ रहे हैं तो ट्रेनर रवि कुशवाह ने मना किया और बोला कि अभी डॉग को उसी के पास रहने दो। अभी डॉग की ट्रेनिंग अधूरी है, लेकिन वह उसकी फीस नहीं लेगा और फ्री में डॉग को ट्रेंड करके देगा।

फोन कर बताया सांस नहीं चल रही पुलिस को दी गई शिकायत में निखिल ने बताया कि बीती 9 अे टूबर को अचानक रवि ने फोन करके बताया कि उनके डॉग की सांस नहीं चल रही है, वह सेंटर पर ही सीपीआर दे रहे हैं। निखिल ने उसे अस्पताल लेकर जाने का बोला, लेकिन सेंटर वाले अस्पताल नहीं ले गए। उसके बाद निखिल शाम को शाजापुर से सेंटर पहुंचे तो पता चला कि डॉग की मौत हो चुकी है। निखिल ने जब सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग मांगी तो पता चला कि दोपहर ढाई बजे के पहले की पूरी रिकार्डिंग डिलीट कर दी गई है। जब उन्होंने अंदर की रिकार्डिंग मांगी तो उन्हें तीन घंटे तक बाहर बिठाए रखा गया और बताया कि रिकार्डिंग डाउनलोड नहीं हो पा रही है। निखिल ने जब डॉग का पीएम कराने की बात कही तो संचालक ने बोला कि उसकी बात हो गई है और अस्पताल चले जाएं जहां पीएम हो जाएगा। वह अस्पताल पहुंचे, लेकिन जब पीएम नहीं हुआ तो अपने डॉग को लेकर घर लौट गए और उसका अंतिम संस्कार कर दिया। निखिल अपने पालतू डॉग सुल्तान पर 12 से 15 लाख रुपये खर्च कर चुके थे।

**वीडियो में दिखी सच्चाई**

निखिल ने इस मामले की शिकायत 11 अे टूबर को पुलिस से की थी। उसके बाद पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पहुंची और डीवीआर जब्त की। सायबर सेल की मदद से डीवीआर का डाटा रिकवर कराया गया तो उसमें 9 अे टूबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे रवि कुशवाह उसके सहयोगी तरुण दास और नेहा उर्फ प्रिया तिवारी कुत्ते को फांसी का फंदा लगाकर हत्या करते हुए दिखाई दिए। रवि और नेहा ने कुत्ते के गले में रस्सी और पट्टे का फंदा बांधकर उसे लोहे के गेट से लटका दिया था। करीब 10 मिनट तक तड़पने के बाद कुत्ते ने आखिरकार दम तोड़ दिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

यशोन्नति



## सूने मकान से तीन लाख रुपए के जेवरात की हुई चोरी,

### 14 अे टूबर को दिनदहाडे दिया अज्ञात चोरों ने नगर में चोरी की वारदात को अंजाम,

छपारा यशोः- विगत 14 अे टूबर को दिनदहाड़े नगर के माता वार्ड के समीप स्थित एक पोस कालोनी साकार सिटी के एक सूने मकान में मौका पाकर अज्ञात चोरों ने लगभग 3 लाख रुपए के सोने और चांदी के गहनों को ले उड़े चोरी के तीन दिन बीत जाने के बाद में भी अब तक पुलिस के हाथों कुछ नहीं लग पाया है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के सूनसान पॉस कॉलोनी साकार सिटी निवासी सतीश साहू के द्वारा छपारा थाना में 14 अे टूबर को अपने मकान में हुई चोरी की वारदात की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई है जिसमें उनके मकान पर दिन के समय में जब स्कूल से बच्चे को लेने घर के दरवाजे में ताला लगाकर उनकी पत्नी बाहर स्कूल गई हुई थी इस दौरान अज्ञात चोरों ने घर से एक चांदी का करधन, मंगलसूत्र, एक जोड़ी पायल, चांदी का खुचना, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने की वाली,हार, एक जोड़ी सोने के कंगन, बिछिया और एक चांदी की चेन जो घर की आलमारी के अंदर लाकर पर रखे हुए थे चोरों ने पहले घर के मु य दरवाजे पर लगा ताला तोडा और कमरे की आलमारी के लाकर को तोड अंदर रखे गहनों को चोरी कर लिया। उक्त चोरी के मामले में नगर निरीक्षक सौरभ पटेल के द्वारा बताया गया कि अभी उक्त मामले में पुलिस के द्वारा चोरों को तालाश जारी है

# कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी का गांव - गांव सघन जनसंपर्क

सिवनी यशोः- सिवनी विधानसभा के कांग्रेस के युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी का जनस पर्क उडैपानी मंडलम क्षेत्र में हुआ, लोगो से स पर्क करते हुये आनंद पंजवानी ने कहा कि जब से मुझे आप लोगों के आशीर्वाद से कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिया है तब से ही विपक्षी पार्टी के प्रत्याशी बार.बार यही कह रहे हैं कि वह नया लडका है उसे अनुभव नहीं है वह ` या करेगा जबकि देश में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। यदि मेरी पार्टी ने युवा शक्ति के रूप में मेरे ऊपर विश्वास किया है तो माननीय को परेशानी या है उन्हें युवाओं से दिक्कत ` या हैघ् जबकि स्वामी विवेकानंद ने भी कहा है कि युवा वह शक्ति है जो देश की दशा और दिशा बदल सकती है लेकिन माननीय को युवाओं से ` यों तकलीफ हैए यह स्पष्ट करना चाहिए। वह बार.बार कहते हैं कि मुझे अनुभव नहीं है मेरे साथ पूरी वरिष्ठ कांग्रेस जन का आर्शीवाद मिल रहा है मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ चल रहें है साथ ही युवाओं की पूरी टीम लगी हुई है। गांव.गांव में मुझे बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद और प्यार मिल रहा है मतदाताओं का मेरे प्रति प्यार और उत्साह देखकर मैं अभिभूत हूँ निश्चित रूप् से सिवनी विधानसभा की जनता परिवर्तन चाहती है।



जिला कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की बात कांग्रेस के युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी ने उड़ेपानी क्षेत्र में जनसंपर्क प्रारंभ करने के दौरान कहा। आनंद पंजवानी ने कहा कि जब मुझे बुजुर्ग महिलाएं मिलती है तो बड़े प्यार से मेरा माथा चूमती है और कहती है कि बेटा उन्होंने तो विश्वास तोड़ा है लेकिन तुम इस विश्वास को कायम रखना और क्षेत्र का विकास करना। बेटा तू आगे बढना लेकिन ऐसा कोई काम नहीं करना जैसे वह व्यक्ति करता था। आनंद पंजवानी ने कहा की जिन लोगों ने पिछले चुनाव में उनकी गारंटी लिया था आज वही मूल भाजपाई गाडियों से गांव.गांव घूमकर अपनी गलती का प्रायश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले चुनाव में चुनाव जीतने बड़े बड़े वादे किए गए थे लेकिन बीते अनेक वर्षो से वादे सिर्फ वादे बनकर रह गए। पिछले चुनाव में जो लोग सिवनी विधायक के साथ विकास के वादे के साथ प्रचार प्रसार करने घूमे थे। इस चुनाव में सभी ने प्रचार प्रसार करने व घूमने से मना कर दिया ` योंकि वह सभी इस बात को जानते है की उनके सामने किए गए वादे अधूरे हैं। यदि वह पुन प्रचार प्रसार करने जाते हैं तो वह जनता के सवालों का जवाब नहीं दे पाएंगे इसलिए सभी लोगों नेसिवनी विधायक से किनारा करना शुरू कर दिया है। मातारानी के दरबार में माथा टेककर किया जनसंपर्क की शुरुवात

बुधवार को आनंद पंजवानी ने सिवनी शहर में विराजी माता रानी के लगभग सभी दरबारो में पहुंचकर माता टेका और नगर में जनसंपर्क करने की शुरूआत किया। आनंद पंजवानी ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं, पदाधिकारी और युवाओं के साथ शुक्रवारी चौक से महावीर टॉकीज, सुभाष पुतला, पानी की टंकी, सुनारी मोहल्ला, चौड़ा कुआं होते हुए नेहरू रोड पहुंचे यहां से वह गिरजाकुंड से छोटी पुलिस लाइन, दुर्गा चौक, बीरबल अग्रवाल के सामने से होते हुए दादू मोहल्ला, माता दिवाला मंदिर पहुंचे यहां से मठ मंदिर, इलाहाबाद बैंक से पुराना रेलवे स्टेशन होते हुए नागपुर रोड गंज से छिंदवाड़ा चौक, शनि मंदिर रोड क्रॉस कर दुर्गा सेठ के सामने से फिल्टर चौक छिंदवाड़ा चौक से महावीर मढिया, दादू धर्मशाला से होते हुए शंकर मडिया, बस स्टैंड, लक्ष्मी नारायण मंदिर तक जनसंपर्क करते हुए माता रानी के दरबार में हाजिरी दिया। इस अवसर पर आनंद पंजवानी को नगर के वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं एवं युवाओं ने अपना आशीर्वाद दिया।

आज जनस पर्क करने इन गांवो में पहुंचे युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी ने गौशाला बंजारी पंहुचकर मॉ बंजारी का पूजन अर्चन कर अपना जनसंपर्क प्रारंभ किया जो बरेलीपार, कंजई, गेहरूटोला, झीलपिपरिया, खमरिया, ईदावाड़ी, चुरनाटोला, मुंडरई, मेहराखापा, रिझाईटोला, मिर्चीटोला, पाथरफोड़ी, करकोटी, विजयपानीखुर्द, उड़ेपानी, डुंगरिया, चीचबंद, छिंदबर्री में जनस पर्क किया गया जनस पर्क में वरिष्ठ कांग्रेस जन, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, विभाग,प्रकोष्ठ, मोर्चा संगठन, मंडलम, से टर, बूथ बीएलए सहित बड़ी सं या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें

## बिना अनुमति प्रशिक्षण आयोजित करने को लेकर 04 व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन आचार संहिता अवधि में जनपद कुरई के ग्राम जोगीवाडा में बिना अनुमति जल,जंगल,जमीन पर आदिवासी समुदाय का प्रशिक्षण आयोजित करने को लेकर कुल 04 व्यक्तियों को एफआईआर दर्ज की गई है। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन में एफएसटी दल द्वारा उक्त कार्यवाही की गई है।


दल के निरीक्षण के दौरान ग्राम जोगीवाडा में हरदयेश सिह पिता जनुराज सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी गायत्री नगर रीवा, दिलीप झारिया पिता श्यामलाल झारिया उम्र 43 वर्ष निवासी करजिया थाना बिछिया जिला मंडला, तुषार तेकाम पिता कन्हैया लाल तेकाम उम्र 23 वर्ष निवासी चूना भट्टी पांडिया छपारा, जगदीशपाल पिता मुल्लू पाल उम्र 50 वर्ष निवासी जोगीवाडा द्वारा बिना अनुमति प्रशिक्षण आयोजित करना पाया जाने पर मौके पर उपलब्ध खुर्सियां, प्रोजे टर, लेपटॉप, स्पीकर आदि की जब्ती कर संबंधितों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरूध्द सतत जारी कार्यवाही

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में आबकारी विभाग के दल द्वारा 09 अे टूबर से 15 अे टूबर तक वृत्त उत्तर में 9 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 191155/- रू. अनुमानित मूल्य की 44.32 ब.ली.मदिरा एवं 1800 किग्रा महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह वृत्त दक्षिण में 9 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 181480/- रू. मूल्य की 92.0 ब.ली. मदिरा एवं 1560 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त शहर में 9 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 67557/- रूपये की 75.88 ब.ली. मदिरा एवं 450 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त लखनादौन में 9 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 106513/- रूपये की 65.98 ब.ली. मदिरा एवं 900 किग्रा महुआ लाहन तथा वृत्त घंसौर में 10 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 129344/- रूपये अनुमानित मूल्य की 95.29 ब.ली. मदिरा एवं 1050 किग्रा महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

# राम का किया और कृष्ण का कहा हुआ अपने जीवन में धारण करें - रिचा दीदी

कहानी यशोः- शारदीय नवरात्र पवन महोत्सव नगर कहानी में जारी श्री राम कथा के तृतीय दिन व्यास पीठ में विराजित साध्वी ऋचा मिश्रा जी के द्वारा श्री राम के चरित्र वर्णन को विस्तार देते हुए मानव हित के लिए उपाय बताएं रिचा दीदी ने बताया की शास्त्रों के अनुसार राम ने जो अपने संपूर्ण जीवन काल में किया एवं कृष्ण ने जो समय आने पर बार-बार कहा या उपदेश दिया प्रत्येक मानव को अपने जीवन में राम का किया और कृष्ण क कहा हुआ सृजन करना चाहिए राम की शरण में जाने से या राम की भक्ति अपने जीवन में उतरने से परम शांति और कल्याण प्राप्त



होता है मानव व्यर्थ ही भौतिक सुख सुविधाओं के लिए यहां वहां अनायासी मेहनत करता है अधिक महत्वाकांक्षाएं मानव जीवन के लिए कष्टदायक सिद्ध होती हैं आत्म संतुष्टि धारण कर राम की भक्ति में जीवन समर्पित करना ही मानव जीवन का उद्देश्य होना चाहिए संगीत में श्री राम कथा मैं विभिन्न हास्य धार्मिक जुमले के साथ रिचा दीदी के द्वारा श्री राम कथा जारी है इस कथा में नगर कहानी के श्रोता भक्त एवं सुदूर अंचल से भी श्रोता भक्त माताएं बहने कथा पंडाल में पहुंच रह साथ ही मां के दरबार में वीडियो विधानसभा के साथ श्रृंगार एवं संध्या संगीत में आरती बड़े ही भव्यता के साथ संपन्न की जा रही है

## मतदाता जागरूकता गतिविधियों द्वारा आमजनों को मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित

सिवनी यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी हैं। गतिविधियों अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर तथा रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से आमजनों को आगामी 17 नव बर को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया

सिवनी यशोः- जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिजीत पचौरी द्वारा परियोजना ग्रामीण 01 अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र नागझर, लूघरवाडा 01, बींझावाड़ा 02 सहित अन्य आंगनवाडी केन्द्रों औचक निरीक्षण कर केन्द्रों को प्रदाय की जानी वाली सेवाएं पूरक पोषण आहार, नाश्ता भोजन, टीकाकरण सेवाएं, कुपोषण जांच एवं उपचार, एनआरसी में भर्ती बच्चों की जानकारी, गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण एवं जांच की जानकारी सहित अन्य आवश्यक सेवाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चो के उपस्तिथि बढ़ाने, बच्चों एवं महिलाओं के शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने, बच्चों की वजन और ऊंचाई कर कुपोषण ज्ञात कर आवश्यकता अनुसार एनआरसी में भर्ती कर निरंतर फॉलोअप करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी 01, संबंधित आंगनवाडी कार्यकर्ता, एएनएम और महिलाएं उपस्थित रहें।

## 03 नवंबर को होगा जिले के 484 स्कूलों में स्टेट एजुकेशनल एचीवमेंट सर्वे

सिवनी यशोः- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के निर्देशानुसार शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा व सुधार तथा नीतिगत निर्णय लेने के लिए प्रत्येक तीन साल में होने वाला स्टेट एजुकेशनल एचीवमेंट सर्वे (स्थ्रस) इस बार 3 नवंबर को चयनित शालाओं में होने जा रहा है। सर्वे में जिले के 8 विकासखंडों से शासकीय /अशासकीय/ अनुदान प्राप्त/ नवोदय/ केन्द्रीय विद्यालयों के कक्षा 3, कक्षा 6 एवं कक्षा 9 के हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू माध्यम के 484 स?कूलों के विद्यार्थी स मिलित होंगें। चयनित शालाओं में विकासखण्ड बरघाट के 60 स्कूल, विकासखण्ड छपारा के 56, विकासखण्ड धनौरा के 49, विकासखण्ड घंसौर के 59, विकासखण्ड केवलारी के 61, विकासखण्ड कुरई के 55, विकासखण्ड लखनादौन के 65 एवं विकासखण्ड सिवनी के 79 स्कूल होंगे। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी नोडल अधिकारी बनाया गया है साथ ही 2 डिस्ट्रि ट लेवल कॉर्डिनेटर, 4 एसोसिएट डिस्ट्रि ट लेवल कॉर्डिनेटर्स, 24 ब्लाक लेवल कॉर्डिनेटर्स नियुक्ति किये गये हैं एवं 534 फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स की नियुक्ति किया जाना है।

उन्होंने बताया कि सर्वे के बाद अगले साल नेशनल एचीवमेंट सर्वे भी प्रस्तावित है। राज्य स्तरीय सर्वे की तैयारी के लिए ऐप स्वयं सिद्धि चैट बाट के माध्यम से विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। इसमें ऑनलाइन लिंक आती है, बच्चे पेपर हल करते हैं। राज्यस्तरीय सर्वे इससे पहले 2020 में करवाया गया था। सर्वे में कक्षा 3, कक्षा 6 एवं कक्षा 9 के विद्यार्थियों का हिन्दी एवं गणित विषय का मूल्यांकन किया जावेगा। SEAS के लिए संकुल समन्वयक, ब्लाक समन्वयक, जिला समन्वयक को जि मेदारी सौंपी गई है। डीपीसी, डीईओ, डाइट कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी आपसी समन्वय से बेहतर परिणाम के लिए प्रयास कर रहे हैं।

## जिला कले टर ने विभागवार समीक्षा शिकायतो के निराकरण के दिये निर्देश

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 16 अे टूबर को कले ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ नवजीवन विजय, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक में सर्वप्रथम कले टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों, जिलेवार रैंकिंग के लिए चयनित शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों का निर्देशित किया कि ऐसी सभी शिकायतें जिनमें आचार संहिता का उल्लंघन न हो रहा हो, ऐसी शिकायतों को तत्परता से निराकृत किया जाए। सभी शिकायतों का अनिवार्य रूप से फॉलोअप दर्ज किए जाएं। इसी तरह कले टर श्री सिंघल ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन की तैयारियों, खाद-बीज की उपलब्धता सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

कले टर श्री सिंघल ने से टर अधिकारियों को तथा नोडल के रूप नियुक्त अधिकारियों को निर्वाचन कार्यो को पूरी ग भीरता से समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह मतदाता जागरूकता गतिविधियों में विभागवार सौंपी गई जि मेदारी का पालन का अधिकतम मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित हेतु विविधि गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए।

## पीठासीन एवं से टर अधिकारियों के प्रशिक्षण केन्द्रों का कले टर ने किया निरीक्षण

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर पीठासीन एवं से टर अधिकारियों के रूप में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियो का प्रशिक्षण क्रमशः तीन प्रशिक्षण केन्द्र उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी, नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर तथा केंद्रिय विद्यालय में जारी है।

मंगलवार 17 अे टूबर को कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने सभी प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन करने के साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मचारियों से सभी सजगता एवं पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा प्रशिक्षण के दौरान ही अपनी शंकाओं का समाधान मास्टर ट्रेनर से प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने ईवीएम की हैण्डऑन ट्रेनिंग का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिये। उल्लेखनीय है कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के 1406 मतदातन केन्द्रों के लिए नियुक्त कुल 3587 पीओ एवं पी-1 तथा से टर अधिकारियों का प्रशिक्षण उक्त तिथियों में किया जा रहा है। मतदान कर्मियों को उनके दायित्वों के संबंध में जानकारी देने के साथ ही साथ सभी का ईव्हीएम मशीन के साथ हैण्डऑन ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक भी दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

भोपाल । यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा।

मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

श्री राजन ने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसं या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है ।

अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

# भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने अशोका गार्डन में किया नरेला विधानसभा क्षेत्र के मु य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

**- श्री विष्णुदत्त शर्मा**

*** हर बूथ पर 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर जनता के बीच जाएं कार्यकर्ता**

*** भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं**

*** 2003 के मध्यप्रदेश और आज के मध्यप्रदेश का अंतर बताता है कि विकास भाजपा सरकार ही करती है**

*** भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने लोगों की जिंदगी बदलने का कार्य किया है**

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार ने गरीबों की जिंदगी बदलने का कार्य किया है। विकास और जनकल्याणकारी कार्यो में भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती। मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार ने विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। प्रदेश को बीमारू राज्य से निकालकर देश के अग्रणी राज्यों में शामिल किया है। 2003 के दुरावस्था के दौर के मध्यप्रदेश और आज के वर्तमान विकसित मध्यप्रदेश का अंतर स्पष्ट दर्शाता है कि विकास सिर्फ भाजपा सरकार ही करती है। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता आज यहां से हर बूथ में भाजपा के 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर जनता के बीच जाएं। नरेला विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ पर कमल खिलेगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने आज अशोका गार्डन के नरेला विधानसभा क्षेत्र के मु य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करते हुए कही। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने मु य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ताकत के रूप में हमारा कार्यकर्ता खड़ा होता है। मेरे कार्यकर्ता भाई-बहनों नरेला विधानसभा क्षेत्र में पिछले तीन चुनाव से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी चुनाव जीतकर जनता की सेवा कर रहे हैं। आज यहां चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। आज यहां से सभी कार्यकर्ता हर बूथ पर भाजपा के 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर जनता के बीच जाएं और हमारी डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों को बताएं। कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता जर्नादन को यह बताएं कि 2003 में जब यहां भाजपा की सरकार बनी थी, तब मध्यप्रदेश किस दुरावस्था में था। बीमारू राज्य के रूप में मध्यप्रदेश की पहचान थी। 2003 के बाद आज मध्यप्रदेश की जो तस्वीर है, उसे 20 वर्षो के अंदर भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विकास करके बनाया है। भाजपा ने मध्यप्रदेश की तस्वीर बदलने के साथ लोगों की जिंदगी बदलने का कार्य किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि एक भी ऐसा बूथ नहीं बचना चाहिए, जहां पार्टी को 51 प्रतिशत से कम मत मिले।

**15 महीने की कमलनाथ सरकार ने गरीबों के अधिकार हड़प लिए थे**

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मध्यप्रदेश की हमारी सरकार ने गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया, जिससे गरीबों का जीवन बदला और उनके चेहरे पर खुशी आई। लेकिन 15 महीने की कमलनाथ की सरकार ने गरीबों के अधिकार हड़प लिए थे। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अति पिछड़ी आदिवासी बैगा, भारिया और सहरिया जाति की बहनों को पोषण आहार के प्रतिमाह एक हजार रूपए देते थे, कमलनाथ सरकार ने उसे भी बंद कर दिया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने गरीबों के लिए पीएम आवास योजना के तहत दो लाख मकान दिए थे, लेकिन कमलनाथ ने मु यमंत्री रहते मैचिंग ग्रांट नहीं दी और गरीबों के मकान वापस कर दिए। कांग्रेस ने किसानों को कर्जमाफी का धोखा दिया था, गलती की वजह से तीन-चार सीटों से उनकी सरकार बन गई थी। भाजपा सरकार ने जल जीवन मिशन से करोड़ों लोगों को घरों में नल से जल पहुंचाने का कार्य कर रही है।

**घर-घर जाकर निःशुल्क अनाज और इलाज को बताएं**

पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे घर-घर जाकर पूछें कि उन्हें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा लागू की गई आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रूपए का निःशुल्क इलाज का अधिकार मिला है या नहीं। मुस्लिम भाई-बहनों के घर भी जाएं और उनसे भी पूछें, वे भी बताएंगे कि उन्हें 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज का अधिकार मिला है। भारतीय जनता पार्टी जनकल्याण और विकास कार्यों में किसी के कार्य भेदभाव नहीं करती।

**इस बार 17 नवंबर को नरेला इतिहास रचेगा**

नरेला विधानसभा क्षेत्र के मु य चुनाव कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री और नरेला विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्री विश्वास सारंग ने कहा कि जब मैं 2008 में यहां चुनाव लड़ने आया तब मैंने कहा था कि यहां एक नहीं हर एक व्यक्ति विधायक होगा। मैंने नरेला को विधानसभा क्षेत्र की तरह नहीं एक परिवार की तरह माना और कार्य किया है। भाजपा का कार्यकर्ता एक विचार के पोषण के लिए राजनीति के क्षेत्र में काम करता है। भाजपा ने मध्य प्रदेश में विगत 18 सालों में लगातार सेवा की है। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस मध्य प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया है। हमें याद है जब मध्यप्रदेश में मिस्टर बंटाधार दिग्विजय सिंह की सरकार थी तब मध्य प्रदेश में ना ही बिजली, थी ना ही सड़क थी, ना ही पीने का पानी था और ना ही कानून व्यवस्था थी। मध्य प्रदेश एक बीमारू राज्य हुआ करता था। 2003 में समय ने फिर करवट बदली और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मध्य प्रदेश की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत फिर से उठकर खड़ा हो गया है।

**सभी कार्यकर्ता चुनाव तक विश्वास सारंग बनाकर काम करें - सुमित पचौरी**

पार्टी के भोपाल जिला अध्यक्ष श्री सुमित पचौरी ने कहा कि, आप सभी से आह्वान करने आया हूं की इस बार 3 दिसंबर को चुनाव का परिणाम आए तो मध्यप्रदेश में जब हमारी सरकार बन रही हो तो सबसे पहले जो कमल का फूल खिले वह नरेला विधानसभा से खिले। पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा डेवलपमेंट हुआ है तो वह नरेला क्षेत्र में हुए। हमारे विधायक पूरे समय जनता के बीच रहते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी को चुनाव तक विश्वास सारंग बनाकर काम करना है। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल, महापौर श्रीमती मालती राय, जिला प्रभारी श्री महेन्द्र यादव, विधानसभा संयोजक श्री श्याम मोहन, श्री अशोक वाणी, श्री नितीन पाठक सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता उपस्थित रहीं।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित




मंडला यशोः-जिलेभर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जामगांव में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला के माध्यम से मतदान के लिए जन जागरूकता का संदेश दिया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

## मतदान दलों की परिवहन व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत मतदान दलों के परिवहन हेतु वाहनों के पंजीयन, वाहनों में रूटचार्ट अंकन एवं मतदान दलों को वाहन उपलब्ध कराने आदि कार्यों के लिए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा रंजीत गुप्ता क्षेत्र संयोजक सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग मंडला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। रामसिंह उलाड़ी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख एवं इकबाल शेख सहायक यंत्री नर्मदा विकास क्रं. 2 सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश में विधानसभावार अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## 49 हजार नगद एवं प्रचार सामग्री जब्त

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत गठित उड़नदस्ता द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में 18 अे टूबर 2023 को मवई क्षेत्र में घोंटा से भीमडोंगरी की ओर जा रहे वाहन क्रमांक एमपी 51 सीए 5920 की जांच की गई। वाहन में प्रहलाद पिता दुरपाल सिंह मरकाम उम्र 41 वर्ष निवासी हर्राटोला, मोहन साहू पिता इंद्रराज साहू उम्र 51 वर्ष निवासी मवई, नीलेश यादव पिता लक्ष्मण यादव उम्र 32 वर्ष निवासी मेढा तथा शिवकुमार आयाम पिता सिंगरू उम्र 25 वर्ष निवासी लूरी मौजूद थे, जिनसे पूछताछ करते हुए वाहन की सघन जांच की गई जिसमें 49 हजार रूपए नगद एवं चुनाव प्रचार सामग्री जब्त की गई।

# मु यमंत्री चौहान ने दिलाया बूथ विजय का संकल्प

## नर्मदा जी शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं को मु यमंत्री चौहान ने किया संबोधित



मण्डला यशोः- मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मण्डला नगर भाजपा के नर्मदा जी शक्ति केंद्र के स मेलन में पहुंचकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अपने बूथ में वोट प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लेकर जाना है, अपने विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ में कमल खिलाना है, उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए करणीय कार्य की विस्तृत जानकारी ली साथ ही उन्होंने कहा कि बूथ समिति, पन्ना समिति, के कार्यकर्ता क्षेत्र के मतदाताओं के पास करणीय कार्य की संरचना को लेकर तथा प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं के विषय में चर्चा करने आवश्यक रूप से जायें। यह चुनाव प्रदेश का भविष्य तय करेगा इसीलिए बूथ जीता, चुनाव जीता का संकल्प हमें पूरा करना है श्री चौहान ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को बूथ विजय का संकल्प दिलाते हुए कहा कि वोटिंग के आखरी समय तक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ मतदाता के संपर्क में रहें।

**मु यमंत्री चौहान ने कांग्रेस पर साधा निशाना**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश की सरकार ने जनता से किये वादों को पूरा करने का कार्य किया है, लाड़ली बहना योजना को हम आगे तक ले जाना चाहते हैं, बहनों को आने वाले समय में 3 हजार रूपये पहुंचाने का सरकार का संकल्प है लेकिन कांग्रेस इस योजना को बंद कराने के प्रयास में है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा जनकल्याण की योजनाएं बनाकर जनता को सीधे लाभ दिलाया है यदि कांग्रेस की सरकार गलती से मध्यप्रदेश में बनी तो पूर्व की तरह कांग्रेस जनता की कल्याण की योजना बंद कर देगी । जब तक भारतीय जनता पार्टी है, तब तक जनकल्याण और विकास के कार्य होंगे। कांग्रेस ने हमेशा गरीबो का हक छींना है जनहित की योजना बंद की और विकास में हमेशा बाधा डालती रही है इसलिए मध्यप्रदेश के सुरक्षित भविष्य के लिए जनता भारतीय जनता पार्टी को अपना आर्शीवाद देकर भाजपा के प्रत्याशियों को विजय दिलायें। इस अवसर पर केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी, विधायक श्री देवसिंह सैयाम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमति संपतिया उइके, पूर्व विधायक डॉ शिवराज शाह, नगर अध्यक्ष अनुराग चौरसिया, सूर्यकांत जंघेला, महामंत्री सुदीप ब्रजपुरिया, आनंद खरया, सहित नगर के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## वरिष्ठ मतदाताओं का किया गया स मान

मंडला यशोः- सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट के मार्गदर्शन में जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। बुधवार को जिले के विभिन्न अंचलों में 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं से उनके घर-घर जाकर संपर्क किया गया। बुजुर्ग मतदाताओं से नैतिक मतदान की अपील करते हुए संबंधित बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, अधिकारीगण तथा स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने उनके पूर्व अनुभवों को भी जाना। इसी कड़ी में ग्राम भैंसवाही, सुरेहली, जुनवानी, खजरी, नारायणगंज, डालाखापा, घुघरी, मोहगांव, देवरीनारायणगंज, पीपरदर्रा, बीजाडांडी, साल्हेपानी, नैनपुर, निवास सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर वरिष्ठ मतदाताओं का स मान किया गया।

## जिला दंडाधिकारी ने विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया

मंडला यशोः- विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए होमगार्ड, वनकर्मियों, कोटवारों, कृषि उपज मंडी समिति के निरीक्षक/सहायक उप निरीक्षक एवं महाविद्यालय के एनसीसी केडेट्स को पुलिस ऐ ट 1861 की धारा 17 के अंतर्गत 15 नवंबर से 18 नवंबर तक कुल 4 दिवस के लिए विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिला दंडाधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने जारी आदेश में डिस्ट्रि ट कमांडेंट होमगार्ड मंडला के 109 होमगार्ड, वनमंडलाधिकारी उत्पादन वन मंडल मंडला के 13 वनरक्षक, संभागीय प्रबंधक मोहगांव परियोजना मंडला के 51 वनरक्षक, वनमंडलाधिकारी पूर्व (सामान्य) वनमंडल मंडला के 72 वनरक्षक, वनमंडलाधिकारी पश्चिम सामान्य वनमंडल मंडला के 38 वनरक्षक, ग्राम चौकीदार 686 कोटवार, कृषि उपजमंडी समिति मंडला के 10 सहायक उप निरीक्षक, कृषि उपजमंडी समिति नैनपुर के 3 सहायक उप निरीक्षक, रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मंडला के 42 एनसीसी केडेट्स को विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## दिव्यांगों की मदद के लिए आगे आए समाजसेवी रजिस्ट्रेशन व जांच के बाद दिलाया सर्टिफिकेट

मंडला यशोः- जिला अस्पताल में दिव्यांगजनो के प्रमाण पत्र के लिए प्रत्येक मंगलवार को शिविर आयोजित किया जाता है। जिसमें जिले के सभी विकासखंड दिव्यांग जन पहुंचकर नवीनीकरण, नये प्रमाण पत्र, स्थाई दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाते हैं। ताकि शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले दिव्यांगजन जानकारी के अभाव में भटकते नजर आते हैं। जिनके लिए समाज सेवी आगे आने लगे हैं। मंगलवार को आयोजित दिव्यांग शिविर में नैनपुर के समाज सेवी दिव्यांगो को राहत दिलाते देखे गए। जिला अस्पताल में नैनपुर से करीब आधा दर्जन दिव्यांग प्रमाण पत्र व जांच के लिए पहुंचे जिनके साथ नैनपुर के समाज सेवी शैलेन्द्र महाजन उपस्थित रहे।महाजन ने बताया कि नैनपुर के चिकित्सक डॉ सुरेन्द्र वरकड़े की सहायता से दिव्यांगो को निशुल्क लाने ले जाने की व्यवस्था की जा रही है। पिछले मंगलवार को नेमी नंदा, महेश कुमार साहू, सप्पे बाई साहू, हीरा लाल साहू लगभग आधा दर्जन दिव्यांगो के प्रमाण पत्र बनवाए गए थे।

## मां नर्मदा एवं माता राजराजेश्वरी के दर्शन कर मु यमंत्री चौहान ने की पूजा-अर्चना



मण्डला यशोः- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मण्डला पहुंचकर सबसे पहले मां नर्मदा जी के दर्शन एवं पूजा कर नगर के प्रसिद्व प्राचीन राजराजेश्वरी माता मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने विधि विधान के साथ माता जी की पूजा अर्चना एवं दर्शन कर प्रदेशवासियों के लिए सुख शांति उन्नति और समृद्वि की कामना की पूजन के पश्चात श्री चौहान ने कहा कि माता राजराजेश्वरी के दर्शन करने का उन्हें नवरात्रि के अवसर पर सौभाग्य मिला है, मां नर्मदा के तट पर स्थित जन आस्था का केंद्र राजराजेश्वरी माता हमेशा भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं, दुख हरती हैं और सुख समृद्वि प्रदान करती है, माता राजराजेश्वरी की कृपा दृष्टि सदैव देश और प्रदेशवासियों पर बनी रहे सबका कुशल मंगल, मैया सदैव करें।

## शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर के छात्र-छात्राओं ने दिया मतदान करने का संदेश

मण्डला यशोः- जिले में संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर में रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा 'हमार वोट, हमार गर्व' की रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया। जिससे विधानसभा निर्वाचन 2023 में 17 नवंबर को मतदान दिवस के दिन जिले के मतदाता मतदान करने के लिए प्रेरित हो सकें। शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर के छात्र-छात्राओं के द्वारा शुभंकर कानू की भी तस्वीर बनाई गई। जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

## कले टर ने लिया मतदान दलों के प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा

मंडला यशोः-कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदान दलों के प्रशिक्षण के लिये चिन्हित उत्कृष्ट विद्यालय एवं उमावि क्रं. 02 का निरीक्षण करते हुये व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्षवार बैठक व्यवस्था की जानकारी लेते हुये आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से संबंधित सभी तैयारियां समयपूर्व पूर्ण करें। साउंड सिस्टम की व्यवस्था रखें। मतदाता जागरूकता की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य प्रशिक्षण स्थलों में सेल्फी प्वाइंट बनाएं। कले टर ने ईव्हीएम मशीन के परिवहन तथा उनकी सुरक्षा के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण स्थलों में पेयजल, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मण्डला के द्वारा विश्व खाद्य दिवस मनाया

मंडला यशोः- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मण्डला के द्वारा विश्व खाद्य दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज के कृषि एवं ग्राम विकास के द्वारा आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम में मण्डला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, पड़ाव वार्ड सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर भ्राता डॉ अरविंद मरावी, क युनिटी हेल्थ ऑफिसर बहन डॉ श्वेता गुरदे, ब्रह्माकुमार भाई बहनों सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

**सभी मंचासीन अतिथियों का गुलदस्ते देकर और तिलक लगाकर स्वागत किया।**

ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने मंचासीन अतिथियों का शब्दपुष्पों के माध्यम से स्वागत किया और कहा कि डॉ अरविंद ने खाद्य दिवस पर सभी को कहा कि व्यायाम, नाश्ता और भोजन समय पर करना चाहिए। साथ मे वही आहार ग्रहण करें जो शरीर को स्वस्थ रखें। रात्रि में भोजन सुपाच्य खाना चाहिए।

डॉ. श्वेता ने कहा कि विश्व खाद्य दिवस का उद्देश्य है कि लोगों को भोजन के प्रति जागरूक करना है। सभी अच्छा खाना खाएं और शरीर को स्वस्थ रखें।

ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी को बताया कि ब्रह्माकुमारीज की सहयोगी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के अंतर्गत कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग द्वारा वविश्व खाद्य दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विश्व खाद्य दिवस मनाने का उद्देश्य दुनिया से भुखमरी खत्म करना है. साथ ही विश्व भर में फैली भुखमरी की समस्या के प्रति लोगों को जागरूक करना है. साथ ही भूख, कुपोषण और गरीबी के खिलाफ संघर्ष को मजबूती देना है। किसी को भी भोजन व्यर्थ नही फेंकना चाहिए।

## एफएसटी टीम ने जब्त की देशी मदिरा

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत गठित एफएसटी टीम द्वारा लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में एफएसटी द्वारा 18 अे टूबर को कटरा स्थित वनविभाग के नाका में वाहनों की जांच की जा रही है। इसी दौरान रंजीत पटैल पिता चिरौंजी लाल पटैल निवासी कटरा के पास से 15 पाव देशी मदिरा जब्त की गई।

## अपने मताधिकार के प्रयोग करने का संकल्प लिया



मंडला यशोः- सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी श्रेयांश कूमट के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत दुर्गा पंडालों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 18 अे टूबर को जनपद पंचायत नारायणगंज के ग्राम खैरी एवं नारायणगंज सहित अनेक दुर्गा पंडालों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। दुर्गा पंडालों में उपस्थित ग्रामीणों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए नैतिक मतदान का संदेश दिया। साथ ही शपथ दिलाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प भी लिया। आयोजकों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आगामी 17 नवंबर को विधानसभा निर्वाचन में बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जिससे जिले में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जा सके।

## मण्डला जिले में पहली बार शंकराचार्यों की उपस्थिति में होगा महायज्ञ

मण्डला यशोः- जिला मु यालय में 17 दिसंबर से आयोजित अष्ट महालक्ष्मी महायज्ञ को लेकर तैयारियां आरंभ की गई हैं। इस महायज्ञ में अनंत श्री स पन्न श्री जगद्गुरू शंकराचार्य महाभाग स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ज्योतिष बद्रिकाश्रम पीठाधीश्वर का आगमन होने जा रहा है। जिन्होंने यज्ञ में शामिल होने की अनुमति दी है। मण्डला में पहली बार दो-दो शंकराचार्यो का एक साथ आना महज संयोग है। वहीं तीसरे प्रमाणित पीठ पर प्रतिष्ठित शंकराचार्य को लाने का प्रयास किया जा रहा है। धर्मगुरू नीलू महाराज ने बताया कि मेहेर बाबा कुटी मैदान देवदरा में श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन 17 दिस बर से 25 दिस बर तक होगा। कहा कि इस यज्ञ में प्रथम उपस्थिति द्वारका पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज की होगी। साथ ही ग्वारी घाट जबलपुर वाले स्वामी पगलानंद महाराज, गीताधाम वाले डॉ स्वामी नरसिंह दास महाराज, सनातन धर्म गौसेवा वाले अखिलेश्वरानंद महाराज बरमान घाट वाले स्वामी सीताराम दास महाराज, अमोल खोह वाले भगत गिरि बच्चू बाबा महाराज, अमरकंटक गीता मंदिर वाले नरमदानंद महाराज, जामदार अस्पताल वाले डॉ. जितेन्द्र जामदार सहित लगभग 108 महात्माओं का आगमन होगा। विद्वत विप्र स मेलन गीता जयंती उत्सव में श्लोक पाठन प्रतियोगिता विराट सुहागलों का आयोजन आदि स पन्न होंगे आप सभी तन मन धन से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनावें। यज्ञ स पन्न कराने हेतु याज्ञिक ब्रा हण बनारस वाराणसी से आयेंगे श्रीमद् भागवत का मूल पारायण करने वाले विप्र वृंदावन से आयेंगे श्रीमद् भागवत तत्व पर प्रवचन भागवत रसिक नीलू महाराज के द्वारा एवं यज्ञ का संयोजन नीलू महाराज के द्वारा होगा। व्यवस्थापन वरदान आश्रम सेवा समिति देवदरा पंचायत मेहर बाबा सेवा समिति सनातन धर्मो परिवार के आदि के द्वारा होगा।

## रातापानी इलाके में बाघिन की मौत



भोपाल। सोमवार की शाम को राष्ट्रीय राजमार्ग से बमुश्किल 100 मीटर और भोपाल से लगभग 10 किमी दूर रातापानी अभयारण्य में क्षेत्रीय लड़ाई में एक युवा बाघिन की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नर बाघ के हमले से मादा बाघ की मौत हो गई। 2023 में अब तक देश में हुई सभी बाघों की मौतों में से लगभग 22% मौतें मध्य प्रदेश में हुई हैं। पिछले चार महीने में रातापानी में यह दूसरी और इस साल राज्य में बाघ की 35वीं मौत है।

बता दें कि ओबेदुल्लागंज वन प्रभाग में सोमवार शाम 4 से 5 बजे के बीच बाघ और बाघिन में जानलेवा संघर्ष हुआ। बाघिन का शव सलकनपुर रोड के किनारे दे लाबरी रेंज के नाहरकोला बीट में मिला। मादा बाघ की उम्र करीब 1.5 से 2 साल थी।

वन अधिकारियों ने शव और स्थल का निरीक्षण किया। मु य वन संरक्षक (सीसीएफ) की देखरेख में शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम में एक बड़े बाघ से लड़ाई के प्रमाण मिले। लड़ाई इतनी भीषण थी कि बाघिन की गर्दन टूट गई और दांतों और पंजों से कई गहरी चोटें आईं। जुलाई में जारी नवीनतम बाघ जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, रातापानी अभयारण्य में 8 बाघों और बाघिनों की अनुमानित आबादी है। वन्यजीव विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बाघों की बढ़ती आबादी के लिए संरक्षित स्थान सिकुड़ रहा है। जिससे क्षेत्रीय संघर्ष बढ़ रहे हैं। एक महीने पहले उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में क्षेत्रीय लड़ाई में एक बाघ की मौत हो गई थी। शव को ताला रेंज में चार अंगंगा नदी के किनारे पाया गया था। बांधवगढ़ में बाघों ने दो लोगों को मार डाला, जिससे मानव-पशु संघर्ष में संभावित वृद्धि के बारे में खतरे की घंटी बज गई,` योंकि बाघ संरक्षित क्षेत्रों से बाहर निकलकर नए क्षेत्र की तलाश में हैं।

# जिले में बेखौफ किया जा रहा प्लास्टिक का उपयोग

## प्लास्टिक के उपयोग पर नहीं लग रहा प्रतिबंध, जहरीला धुआं पर्यावरण को कर रहा दूषित, जानवर भी खा रहे प्लास्टिक

मंडला यशोः- आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला मु यालय के पूरे शहर में प्लास्टिक के डिस्पोजल, पाऊच, कैरी बैग, व प्लास्टिक से बनने वाले अनेक प्रकार की सामग्रियों का चलन वृहद रूप से चल रहा हैं। नियम का पालन करते कोई दिखाई नहीं दे रहा है। अनेकों बार प्रचार-प्रसार कर जागरूक भी किया जाता हैं इसके बाद भी जिला मु यालय में जोरों से प्लास्टिक और प्लास्टिक से बने सामाग्रियों के विक्रय के अलावा जमकर उपयोग में किया जा रहा है। बता दें की जिला मु यालय में सबसे ज्यादा प्लास्टिक का उपयोग सामाग्रियां खरीदने में उपयोग किया जाता है। जिला मु यालय में ऐसे अनेकों व्यापारी हैं जो थोक और फुटकर में प्लास्टिक के कैरीबैग, के अलावा प्लास्टिक से बने अन्य प्रकार की सामग्रियां की बिक्री हो रहीं हैं। प्लास्टिक बिक्री और ट्रांसपोर्टिंग में प्रतिबंधित लगाया जाता तो काफी हद तक प्लास्टिक की बिक्री और उपयोग में अंकुश लगाया जा सकता था। लेकिन मंडला की जनता और व्यापारी ही नहीं चाहते कि प्लास्टिक के उपयोग और बिक्री में प्रतिबंध लगे। उल्लेखनीय हैं कि बीच-बीच में एक मुहिम चलाकर शासन द्वारा छुटपुट कार्यवाही कर अपनी पीठ थप-थपा ली जाती हैं। लेकिन प्लास्टिक की रोकथाम के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा हैं, जिससे प्लास्टिक का प्रचलन लगातार बढ़ते ही जा रहा है, जिससे पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ मानव जीवन के लिए जहर फैलाया जा रहा है। प्लास्टिक के कारण पालतू मवेशियों की मौतें भी हो रहीं हैं। जिसके जि मेदार प्लास्टिक के निर्माता से लेकर क्रय विक्रय करने वाले सबसे ज्यादा हैं। कुछ लोगों के द्वारा प्लास्टिक से बने सामाग्रियों को एकत्र कर जला देते हैं, जिससे जहरीला धुआं पर्यावरण को दूषित करता है। लेकिन जि मेदारों के इससे कोई लेना-देना नहीं है। शासकीय कार्यक्रम हो या निजी कार्यक्रम, सभी कार्यक्रमों में प्लास्टिक के डिस्पोजल, प्लास्टिक के पाऊच हजारों की सं या में उपयोग कर सड़कों से लेकर कार्यक्रम स्थल और मैदानों में फैलाया जाता है। इसी तरह राजनीतिक दलों से लेकर शासकीय कर्मचारियों के द्वारा रैली, धरना प्रदर्शन के दौरान प्लास्टिक के पानी पाऊच और डिस्पोजल को उपयोग कर फैंक दिया जा हैं। प्रतिबंधित के बाद भी भारी सं या में प्लास्टिक से बने सामाग्रियां कहा से सप्लाई की जाती है। उस समय स्थानीय प्रशासन और समाजसेवी कहां गायब हो जाते हैं। कब तक समाजसेवी और शासन-प्रशासन दिखावा कर प्लास्टिक के विक्रय और उपयोग करने में रोक लगाने का ढिंढोरा पीटते रहेंगे। जिले के जि मेदार ल बे समय से ऐ देखते और सुनते आ रहे हैं कि प्लास्टिक की रोकथाम के लिए देश की सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य सरकार भी आज तक प्लास्टिक के निर्माता से लेकर विक्रय और उपयोग में पूर्ण तरह से प्रतिबंध नहीं लगा पाई। इसी तरह के नियम कानून बनते रहेंगे लेकिन धरातल में इसको रोकने वाला शासन- प्रशासन भी कुछ नहीं कर पाए। जिसके चलते प्लास्टिक का खुलेआम विक्रय और उपयोग हो रहा है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297